Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005

Participants : Kumar Shri Shailendra

Title : Regarding disparities in the facilities provided to the employees having same pay scale in the Country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : उपाध्यक्ष महोदय, पूरे देश में रेलवे के क्लास द्वितीय और तृतीय जो अधिकारी और कर्मचारी हैं, उनकी सुविधाओं में विभेद बरता जा रहा है। जो रनिंग स्टाफ है, उन्हें 15 दिन की कैजुअल लीव की बजाय केवल 10 दिन की कैजुअल लीव दी गई cè[R22]। जबकि उन्हें सात दिन ड्यूटी करनी पड़ती है और सप्ताह में एक दिन रेस्ट दिया जाता है। दूसरी तरफ जो ऑफिस का स्टाफ है उन्हें भी दस दिन की सी.एल दी जा रही है। उनसे पांच दिन काम लिया जाता है और उन्हें दो दिन छुट्‌टी मिलती है। यह बहुत बड़ा विभेद है।

दूसरी बात यह है कि रेलवे कर्मचारियों को जो पास दिया जाता है वह वाइफ और बच्चे के लिए होता है जबकि जिन माता-पिता ने पैदा किया, उनके लिए पास नहीं दिया जाता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि पन्द्रह दिन की सी.एल. रनिंग स्टाफ को दी जाए और रेलवे का पास जिन मां-बाप ने पैदा किया है, उनके लिए भी दिया जाए ताकि यह विभेद दूर हो सके।